आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 15.04.2024

मुख्य समाचारः—

1— लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत प्रदेश की सात लोकसभा सीटों पर नामांकन जमा करने का दौर जारी।

2— बीजापुर जिले के छह मतदान केन्द्रों में करीब बीस साल बाद फिर से वोट डाल सकेंगे लोग।

3— दंतेवाड़ा जिले में एक इनामी सहित छब्बीस माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष किया आत्मसमर्पण।

4— कल चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी है—शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में महाअष्टमी की पूजा और अनुष्ठान के कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे।

नामांकन—रैली

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत रायपुर सहित सात लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला जारी है। आज प्रदेश में पन्द्रह प्रत्याशियों के बत्तीस नामांकन दाखिल हुए हैं। इनमें सरगुजा से चार, रायगढ़ से दो, जांजगीर—चांपा से तीन, बिलासपुर से चार, दुर्ग से नौ और रायपुर से दस नामांकन प्राप्त हुए हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर और दुर्ग में भाजपा प्रत्याशियों बृजमोहन अग्रवाल और विजय बघेल की नामांकन रैली में शामिल हुए। इस दौरान दोनों प्रत्याशियों ने अपने—अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। रायपुर में आयोजित नामांकन रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार रायपुर लोकसभा क्षेत्र से सबसे ज्यादा मतों से जीतने का रिकॉर्ड बनाना है। श्री साय ने कहा कि यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। रैली में सांसद सुनील सोनी, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक अजय चंद्राकर सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

उधर, दुर्ग में आयोजित नामांकन रैली को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि यह चुनाव वर्ष दो हजार सैंतालीस तक देश को विकसित भारत और वर्ष दो हजार उनतीस तक विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का मान—सम्मान बढ़ा है। श्री साय ने भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र के बारे में कहा कि अगले पांच साल में तीन करोड़ नये प्रधानमंत्री आवास बनाने, सत्तर साल से अधिक वर्ष के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना में मुफ्त इलाज की सुविधा देने और तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने बीते पांच सालों में छत्तीसगढ़ को अपराध और भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था।

इस मौके पर कांग्रेस नेत्री सीमा बघेल ने भाजपा प्रवेश किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। श्रीमती बघेल वर्ष उन्नीस सौ अंठानवे से दो हजार तीन तक अहिवारा नगर पालिका की अध्यक्ष रही है।

वहीं, राजधानी रायपुर में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोंविद गुप्ता के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के नेता जयेश तिवारी ने अपने साथियों के साथ भाजपा में प्रवेश किया।

गौरतलब है तीसरे चरण में नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि उन्नीस अप्रैल है। बीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार बाईस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के तहत सात मई को वोट डाले जाएंगे।

बीजापुर–मतदान केन्द्र

बीजापुर जिले में इस लोकसभा चुनाव में ऐसे छह मतदान केन्द्र हैं, जहां करीब बीस साल बाद लोगों को फिर से मतदान करने का मौका मिलेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि माओवाद प्रभावित उसनार, बेचापाल, पालनार और गलगम क्षेत्र में स्थित छह मतदान केन्द्रों को बीते चुनावों में सुरक्षा कारणों से शिफ्ट कर दिया था, लेकिन अब जिले में सुरक्षा बलों ने आठ नये कैम्प स्थापित कर दिए हैं। इसके बाद अब इन इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों को अब वोट डालने दूर नहीं जाना पड़ेगा और वे करीब दो दशक बाद फिर से अपने करीबी मतदान केन्द्रों में वोट डाल सकेंगे।

जिले के कलेक्टर अनुराग पांडेय ने बताया कि इन मतदान केन्द्रों के शुरू होने से यहां के ग्रामीण काफी खुश हैं। यहां कड़ी सुरक्षा में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

संगवारी मतदान केन्द्र

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत महिला मतदान दलों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में नगरीय निकाय क्षेत्रों के सभी सैंतीस संगवारी मतदान केन्द्रों में सिर्फ महिला मतदान दलों द्वारा आगामी सात मई को मतदान कराया जाएगा। इनमें नगरीय क्षेत्र गौरेला में सोलह, पेण्ड्रा में ग्यारह और मरवाही में दस संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

होम वोटिंग

कोंडागांव जिले में होम वोटिंग सुविधा के तहत केशकाल विधानसभा क्षेत्र के छप्पन मतदाताओं ने कल मतदान किया। इनमें पंद्रह दिव्यांग और इकतालीस बुजुर्ग मतदाता शामिल हैं। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के कुल एक सौ सोलह मतदाताओं ने इस सुविधा का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। जिनमें से अब तक छप्पन मतदाताओं ने मतदान किया है। वहीं, शेष मतदाताओं को मतदान करवाने के लिए मतदान दल कल सोलह अप्रैल को मतदाताओं के घर पहुंचेगा।

किरण देव/महंत–बयान

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि भाजपा का संकल्प पत्र और उसमें किए गए वादे ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र में ज्ञान यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर फोकस किया गया है। श्री देव ने कहा कि पिछले दस वर्ष नारी गरिमा और नारी को नये अवसरों को समर्पित रहे हैं। अब आने वाले पांच वर्ष नारी शक्ति की नई भागीदारी के होंगे।

दूसरी ओर, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा है कि भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में महंगाई और बेरोजगारी से राहत देने के कोई उपाए नहीं है।

माओवादी–आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा जिले में एक इनामी सहित छब्बीस माओवादियों ने आज पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इन सभी माओवादियों ने लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया है। इन माओवादियों के खिलाफ विभिन्न

थाना क्षेत्रों में माओवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। आत्मसमर्पण के बाद इन सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

गौरतलब है कि लोन वर्राटू अभियान के तहत जिले में अब तक एक सौ छिहत्तर इनामी सहित सात सौ सत्रह माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

मतदाता जागरूकता

लोकसभा चुनाव के तहत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने, प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बलरामपुर जिले की ग्राम पंचायत डौरा–कोचली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने आकाश में एयर बैलून छोड़कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्थानीय स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने स्लोगन और रंगोली के जरिये भारत का नक्शा बनाया। इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ रणवीर साय ने महिलाओं को छत्तीसगढ़ी बोली में मतदान करने की शपथ दिलाई। वहीं, मितानिनों द्वारा विभिन्न गांवों में मतदान के प्रति जन–जागरूकता लाने के लिए ''मतदान तिथि याद रखे सात मई को मतदान करें'' जैसे नारों से दीवाल लेखन का कार्य किया जा रहा है। इस बीच, अग्नि सुरक्षा सप्ताह के मौके पर कल जिले में फायर बिग्रेड के अधिकारी–कर्मचारियों और जवानों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

वहीं, स्वीप कार्यक्रम के तहत दुर्ग स्थित पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा लोगों को मतदान का महत्व बताने के लिए "सेंचुरी वोटिंग" मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच कलेक्टर एकादश और नागरिक एकादश के बीच खेला गया। इस मैच में कलेक्टर एकादश की टीम ने जीत हासिल की।

उधर, मुंगेली जिले के ग्राम चलान के सांस्कृतिक भवन में मत्स्य विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को मतदान का महत्व बताया गया।

राज्यपाल–ओड़िया नववर्ष उत्सव

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन अपने ओड़िशा प्रवास के दौरान ''नमामि दुनाकिनी अनुकुल्या में आयोजित उड़िया नववर्ष उत्सव में शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने ओड़िशा के इतिहास, परंपरा, गौरव, संस्कृति और वीरता का जिक्र किया। उन्होंने ओड़िशावासियों से भाषा, साहित्य और संस्कृति की रक्षा के लिए नेतृत्व करने और राष्ट्र की भलाई के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

अष्टमी

कल चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी है। इस दिन आदिशक्ति मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा–अर्चना की जाती है। राज्य की सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में महाअष्टमी की पूजा और अनुष्ठान के कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। वहीं, जगह–जगह हवन, पूजन और धार्मिक आयोजन के साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

वहीं, महाअष्टमी के दूसरे दिन रामनवमीं के मौके पर ज्योति कलश और जंवारे का विसर्जन किया जाएगा।

## ट्रांसजेंडर दिवस समारोह

दुर्ग में आज ट्रांसजेंडर दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में दुर्ग, बेमेतरा और बालोद के ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में भारतीय विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉक्टर वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार और उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉक्टर राजेश पांडेय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि जिले में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन प्रशंसनीय है। इससे आने वाली पीढ़ी में ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति समानता की मनोवृत्ति बन सकेगी। कार्यक्रम में ''उनकी कहानी, उन्हीं की जुबानी'' के तहत ट्रांसजेंडर कंचन सेन्द्रे और विकास मेश्राम ने अपने विचारों और अनुभवों को साझा किया।

## अग्नि सुरक्षा सप्ताह

अग्नि सुरक्षा सेवा सप्ताह के अवसर पर जांजगीर–चांपा जिला मुख्यालय में रैली का आयोजन किया गया। रैली नगर सेना और अग्निशमन कार्यालय से शुरू हुई, जो कचहरी चौक, वीटीआई चौक और नेताजी चौक से होते हुए वापस अग्निशमन कार्यालय पहुंची। इस दौरान बैनर–पोस्टर के माध्यम से आम लोगों को अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई और उन्हें जागरूक किया गया।

गौरतलब है कि कल से शुरू अग्नि सुरक्षा सप्ताह आगामी बीस अप्रैल तक चलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के ग्राम बस्तीबगरा के रहने वाले सेना के जवान महेन्द्र सिंह की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। उनके अंतिम संस्कार में बिलासपुर आर्मी कैम्प के जवानों ने शामिल होकर उन्हें ससम्मान विदाई दी।

– बिलासपुर पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी अपलोड करने के मामले में स्कूल के एक शिक्षक सहित ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है।

– बेमेतरा जिले के ग्राम हाड़गांव में आज आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला किसान की मौत हो गई।

– धमतरी जिले की सिहावा पुलिस और साइबर सेल की टीम ने बीती रात ग्राम सांकरा स्थित फार्रेस्ट नाका चेकपोस्ट के वाहन चेकिंग के दौरान ग्यारह किलो गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>